प्रतिवेदन

विक्रम विश्वविद्यालय का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हुआ

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उज्जैन नगर के विभिन्न महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। स्वयंसेवकों के माध्यम से 84 ग्रामों में जनसंपर्क स्थापित किया गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पॉलीथिन उन्मूलन का कार्य किया तथा स्वच्छता के प्रति जनजागृति की। स्वयंसेवकों ने वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान भी चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में भी पॉलिथीन उन्मूलन अभियान चलाया। बौद्धिक गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा शिविरार्थीयों का मार्गदर्शन किया गया। सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने गायन, वादन, नृत्य तथा नाट्य की प्रस्तुतियां देकर जनजागृति का प्रयास किया।

समापन समारोह में अतिथि के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रशांत पुराणिक तथा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ शैलेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ दिलीप सोनी जी ने की। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना की परंपरा अनुसार बेज लगाकर किया गया। स्वागत भाषण शिविर संचालक डॉ रमण सोलंकी जी द्वारा किया गया। शिविरार्थी कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेमलता चौहान जी एवं स्वयंसेवक सार्थक जोशी व दिव्या जाट द्वारा शिविर के अनुभव व्यक्त किए गए। डॉ अजय शर्मा जी द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश गंधरा जी उपस्थित रहे। अतिथियों का आभार उज्जैन जिला संगठक डॉ प्रदीप लाखरे जी द्वारा व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दुर्गाशंकर सूर्यवंशी द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री अजय श्रीवास्तव, श्री ईश्वर सिंह चौहान, श्री सुरेश जिनवाल, डाॅ छाया हाड़िया, डाॅ प्रेमलता चौहान, डाॅ नेहा चोरे, डाॅ नीता जाधव, डाॅ सुनीता श्रीवास्तव, डाॅ अलका चौहान, डाॅ अनुराधा परमार, डाॅ स्मृति जैन, डाॅ शैफाली चतुर्वेदी, श्रीमती किरण सोलंकी,श्री सुनील जोशी, डाॅ सरिता यादव, डाॅ कविता जैन ,डाॅ प्रियंका मोड़, डाॅ सुदामा आदि बड़ी संख्या में कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय अभिमुखीकरण शिविर मैं लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, के सात स्वयंसेवक ने भागीदारी की सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया, समूह नृत्य के माध्यम से देश भक्ति गीत पर प्रस्तुति दी गई, आजादी के अमृत महोत्सव पर भाषण प्रतियोगिता में भागीदारी की गई ,84 गांव के पॉलिथीन उन्मूलन में स्वयंसेवकों ने भागीदारी की, कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्मृति जैन के द्वारा संचालन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा परमार के द्वारा संचालन किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों

में निर्णायक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा परमार के द्वारा भागीदारी की गई भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक कर्ता के रूप में श्रीमती अनुराधा परमार द्वारा भागीदारी की गई छात्र प्रतिनिधित्व के रूप में रश्मीत मोदी द्वारा भागीदारी की गई।

@Surya

राष्ट्रीय सेवा योजना
(सात दिवसीय विशेष शिविर)
"उठो, जागो और तब तक न रुको
जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"
आयोजक – विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

GPS Map Camera
Ujjain, Madhya Pradesh, India
120, vallabh Nagar, Ujjain, Madhya Pradesh
456010, India
Lat 23.169057°
Long 75.800976°
28/10/21 10:34 AM
Google

GPS Map Camera
Ujjain, Madhya Pradesh, India
5R92+77M, Rishi Nagar, Ujjain, Madhya Pradesh
456010, India
Lat 23.168198°
Long 75.800752°
28/10/21 11:00 AM
Google


Ujjain, Madhya Pradesh, India
120, vallabh Nagar, Ujjain, Madhya Pradesh
456010, India
Lat 23.168169°
Long 75.800823°

vivo Y31

राष्ट्रीय सेवा योजना

INDIA

अभिमुखीकरण
" स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत
आयोजक
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
स्वामी

राष्ट्रीय सेवा योजना
अभिमुखीकरण शिविर
" स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य "
आयोजक